पेज थ्री देहरादून

देहरादून, मंगलवार 4 फरवरी, 2020 पेज 8

# हमारा दून




अग्रवाल महासभा से जुड़ी महिलाएं पिकनिक कार्यक्रम के दौरान।

## कुम्भ मेले के स्थायी प्रकृति के निर्माण कार्यों में लायी जाए तेजी

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कुम्भ मेले की आवश्यक तैयारियों के निर्देश

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरूदन। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 10 फरवरी 2020 को मेला नियंत्रण भवन हरिद्वार में अपराह्न 03:00 बजे कुम्भ मेले की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित कार्यों एवं योजनाओं की गहन समीक्षा करेंगे। सोमवार को सचिवालय में कुम्भ मेले से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने सभी विभागीय प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों का गहनता से स्थलीय निरीक्षण के पश्चात व्यक्तिगत रूप से बैठक में शामिल हों। बैठक में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में आयोजित होने वाला कुम्भ मेला भव्य एवं दिव्यता के साथ आयोजित होना है। यह राज्य की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है। हमें देवभूमि की परम्परा के अनुरूप इस विश्वस्तरीय आयोजन को सफल बनाना है। इसमें सभी विभागीय प्रमुख अपनी जिम्मेदारी समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कुम्भ के आयोजन हेतु स्थायी प्रकृति के निर्माण कार्यों के लिए अपेक्षित बजट जारी किया जा चुका है। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही शीघ्रता किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रयाग में आयोजित कुम्भ सफल रहा था। इसके लिए प्रयाग कुम्भ में मेलाधिकारी रहे विजय किरण आनन्द के अनुभवों का लाभ भी 2021 के हरिद्वार कुम्भ मेले में लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कुम्भ मेले में हमें देश व दुनिया से आने वाले 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थायें बनानी हैं इसके लिए समयबद्धता के साथ सभी विभाग अपनी कार्य योजना धरातल पर लायें। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले के सफल आयोजन के लिए सभी अखाड़ों के संत महात्माओं, जन प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों के साथ ही आम जनता का भी सहयोग लिया जायेगा इस पावन पर्व पर आने वाले श्रद्धालु सुखद एवं अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटें, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। सचिवालय में आयोजित बैठक में सचिव मुख्यमंत्री राधिका झा के साथ ही अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कुम्भ की तैयारियों की 10 फरवरी को हरिद्वार में करेंगे समीक्षा बैठक

सभी विभागीय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष रहेंगे बैठक में मौजूद



### प्रशासन के फैसले से नाराज चालकों ने ई-रिक्शा को किया आग के हवाले

**संवाददाता** देहरादून। आउटर में 31 रूटों पर ई–रिक्शा संचालन मामले में चालकों का विरोध बढ़ता जा रहा है। सोमवार को प्रशासन के फैसले से नाराज ई–रिक्शा चालकों ने एक ई–रिक्शा को आग के हवाले कर दिया। वहीं उन्होंने पुलिस पर मारपीट का आरोप भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को यातायात निदेशक केवल खुराना की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद शहर के आउटर में 31 रूटों पर संचालन की अनुमति दी गई थी। विरोध कर रहे ई–रिक्शा संचालकों ने रूट प्लान पर अपनी असहमति जताते हुए आरोप लगाया है कि उनके ऊपर जबरन इस रूट प्लान को थोपा जा रहा है। ई–रिक्शा संचालकों ने कहा कि प्रशासन ने उन्हें शहर में चलने के लिए 31 नए रूट तय किए हैं। जबकि वे इस रूट प्लान से सहमत नहीं हैं। संचालकों ने कहा कि अग्रिम रणनीति के बाद आंदोलन की गति बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी समय में परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें: डीएम

**बैठक**

- कहा, गलतियों से सीख लें, गलतियों को कदापि न छुपायें

देहरादून। **संवाददाता**

नवआंगतुक जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने जिला कार्यालय सभागार में परिचयात्मक कार्यक्रम के तहत् जिलास्तरीय अधिकारियों से मुखातिब हुए। उन्होंने भेंटवार्ता के दौरान जिलास्तरीय अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य कर राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में अपना रचनात्मक सहयोग देने को कहा। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर बनाये गये जिला स्तरीय अधिकारियों के वाट्सएप्प ग्रुप में भेजे गये सन्देशों का संज्ञान लेते हुए त्वरित गति से कार्यों, गतिविधियों को अमलीजामा पहनायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी प्राथमिकता में जनता का हित सर्वोपरि है तथा प्रत्येक विभाग कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों की समस्याओं का निराकरण करने में विशेष ध्यान दें तथा उनको दी जा रही सुविधाओं का लाभ मुहैय्या करायें। उन्होंने कहा कि कार्य करने के दौरान गलतियां हो सकती हैं उन गलतियों से सीख लें तथा गलतियों को कदापि न छुपायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी जनता की सुविधाएं दिलाने में टाल–मटौल करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगायें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उम्मीद आशा लेकर उनके पास आता है तो उसकी समस्या का समाधान किया जाना भी आवश्यक है।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 5–6 माह में सम्पूर्ण जनपद आईटी क्षेत्र डिजिटल मूड में लाने का उनका प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों के आस–पास नशे का करोबार करने वालों, बालश्रम करवाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए आवश्यक कार्रवाही करें।



नवागंतुक डीएम आशीष कुमार श्रीवास्तव अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

### पोक्सो कोर्ट ने बोर्डिंग स्कूल गैंगरेप प्रकरण में आरोपी छात्र को 20 साल की सजा सुनाई

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी देहरादून के चर्चित बोर्डिंग स्कूल गैंगरेप प्रकरण में आज पोक्सो कोर्ट ने आरोपी छात्र सरबजीत को सामूहिक दुष्कर्म के दोष में 20 साल की सजा सुनाई है। विशेष पोक्सो जज रमा पांडेय की अदालत ने स्कूल निदेशक लता गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, दीपक उसकी पत्नी तनु को अलग–अलग धाराओं में पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सभी को नौ–नौ साल की सजा सुनाई। प्रिंसिपल जितेंद्र शर्मा को ढाई साल की सजा हुई है। वहीं उसे कोर्ट से जमानत भी मिल गई है। स्कूल प्रबंधन पर साक्ष्य छुपाने, षड्यंत्र और गर्भपात कराने में दोष में 10 लाख का जुर्माना भी लगाया गया। इस जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जाएगी।

### जनता मिलन कार्यक्रम में 37 शिकायतें आई

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव की पहल पर जिला कार्यालय में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनता मिलन कार्यक्रम में 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकांश शिकायतें बिजली, पानी, जमीन–जायदाद, छात्रवृत्ति, शस्त्र लाईसेंस, मुआवजा व फसल की जंगली जानवरों से सुरक्षा से सम्बन्धित प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया, इसके अतिरिक्त अन्य शिकायतों को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि आम जनता की समस्याओं, शिकायतों का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता है इस हेतु सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जनता की शिकायतों का निराकरण समयबद्धता से किये जाने के निर्देश दिये।






## संक्षिप्त समाचार

### चरस तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना रायपुर पुलिस ने होटल पर्ल के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 184 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम रितिक उम्र 18 पुत्र हसंराज निवासी सपेरा बस्ती नानकसर गुरूद्वारा रायपुर बताया। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस के तहत चालान कर जेल भेज दिया।

### खुकरी सहित एक पकड़ा

**संवाददाता** देहरादून। थानाध्यक्ष रायपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में चेकिंग के दौरान राजीव नगर कंडोली आम के बाग से एक अभियुक्त की तलाशी ली गई तलाशी के दोरान अभियुक्त से खुकरी बरामद हुई अभियुक्त रवि उर्फ लीमा पुत्र अजय पाल निवासी ग्राम खिरनी गोपालपुर बिजनौर के खिलाफ चालान कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### तीन जुआरी पकड़े

**संवाददाता** देहरादून। ऋषिकेश पुलिस ने भरत मंदिर स्कूल के ग्राउंड से तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश की गडडी सहित 1600 रूपये बरामद किये। तीनों जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत चालान कर जेल भेज दिया। पकड़े गये अभियुक्तो ने अपना नाम सोनू उम्र 18 पुत्र हरिराम निवासी काले की डाल आईडीपीएल ऋषिकेश, राहुल उम्र 19 पुत्र सुभाष कुमार निवासी काले की डाल आईडीपीएल ऋषिकेश, जितेंद्र कुमार पुत्र राम चंद्र निवासी काले की डाल आईडीपीएल ऋषिकेश बताया।

### शराब पिला रहे दो रेस्टोरेंट पर की पुलिस ने की कार्यवाही

**संवाददाता** देहरादून। थाना ऋषिकेश पुलिस ने क्षेत्र में रेस्टोरेंट, ढाबा, व होटल की चकिंग की चेकिंग के दोरान 17 होटल व ढाबों को चेक किया गया चेकिंग के दौरान आरव रेस्टोरेंट फास्ट फूड के मालिक रविंद्र लाल पुत्र कमल दास निवासी गुमानीवाला ऋषिकेश व फास्ट फूड होटल गुमानीवाला के स्वामी सुरेंद्र पोखरियाल पुत्र गोविंद सिंह निवासी गुमानीवाला ऋषिकेश में बिना लाइंसेस के शराब पिला रहे।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय: शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०- 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।